# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
(0591) 3511043 ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in

पत्रांक 971/दै0 समाचार पत्र/12 दिनांक 30.04.2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ

विषय – ई–दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 30.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक " ओवरहेड टैंक अधूरे, पाइपलाइन बदहाल....अब 80 अफसर जानेंगे योजना का हाल" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 30.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक " ओवरहेड टैंक अधूरे, पाइपलाइन बदहाल....अब 80 अफसर जानेंगे योजना का हाल" की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद। अधूरे ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन बिछने के साथ ही लीकेज, पाइप के नाम पर खोदाई से सड़कों व रास्तों की दुर्गति, भीषण गर्मी में साफ पानी के लिए ग्रामीणों की जद्दोजहद...यही दशा सामने आई थी अमर उजाला की टीमों के सामने। वे टीमें जिन्होंने गांव–गांव जाकर जल जीवन मिशन की पड़ताल की और ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राउंड रिपोर्ट से अफसरों का ध्यान खींचा।<br>अमर उजाला की सच बताती खबरों ने आला अधिकारियों के कान खड़े किए। अब जल जीवन मिशन के अधूरे काम प्रशासन के एजेंडे में भी आ गए हैं। डीएम अनुज सिंह ने अधीनस्थ अफसरों को दफ्तरों से निकलकर ग्रामीणों की पेयजल संबंधी समस्याओं को समझने और उनका हल करने के निर्देश दिए हैं।<br>जिला विकास अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डीएम ने 80 अफसरों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। यह अफसर गांव–गांव जाकर जल जीवन मिशन की हकीकत परखेंगे। मिशन के तहत हुए कामों के अधूरेपन के कारणों को समझेंगे। हो चुके कामों का सत्यापन करेंगे, ताकि सुनिश्चित हो सके कि जो रिकॉर्ड में दर्शाया जा रहा है, वैसा मौके पर भी है या नहीं। कामों का सच जानने के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट एक सप्ताह में देने के लिए कहा गया है। इसके बाद अधूरे कामों को पूरा कराने के लिए जरूरी फंड और संसाधनों को जुटाकर जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर नल और हर घर साफ पानी के सरकार के लक्ष्य और ग्रामीणों के सपने को पूरा कराया जाएगा। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/ 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 310650 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, यू०पी० सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम०ओ०यू० पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>ततक्रम में अवगत कराना है कि जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेन्टल की गयी सड़को के पुर्नस्थापना के कार्यों का सत्यापन विभिन्न अधिकारियों के माध्यम से कराया जा रहा है जो कि एक सतत प्रक्रिया है तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये गये निर्माण एवं तत्सम्बन्धित कार्यों का प्रत्येक वर्ष सत्यापन कराया जाता है।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846/एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714/एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं पत्रांक 2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025 द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मैनजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

O/C

अधिशासी अभियन्ता

IGRS letter